# गणेशोत्सव की आड़ में जमकर चुनाव प्रचार

- विधानसभा चुनाव की तैयारी में हर पक्ष के उम्मीदवार
- सुबह से शाम तक पंडाल व घरगुती गणपति के किए दर्शन
- शहर में पोस्टर व बैनरों की भरमार
- त्योहारों की आड़ में नेताओं का प्रचार
- शहर की हालत पर बेबस जनता
- लाखों रुपए चंदे में बांटे लेकिन शहर विकास शून्य



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पिछले 10 दिनों से गणेशोत्सव का यह पावन पर्व नेताओं के लिए चुनाव प्रचार का जरिया बन चुका है। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र, अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र व कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से जितने भी इच्छुक उम्मीदवार चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, साथ ही मौजूदा विधायक लाखों रुपए चंदे देकर अपना जोरदार प्रचार कर रहे हैं और प्रचार हेतु शहर भर में पोस्टर व बैनर लगाकर शहरवासियों से झूठे वादे कर रहे हैं। उल्हासनगर शहर की हालत इतना खस्ता हो चुकी है कि बेबस जनता का अब नेताओं से भरोसा उठ गया है।

उल्हासनगर शहर में सिंधी समाज के पावन पर्व चालीहा साहिब व पिछले 10 दिनों से चल रहे गणेशोत्सव जिसका आज समापन होने जा रहा है। आगामी नवंबर 2024 को विधानसभा चुनाव की संभावना है, ऐसे में इन त्योहारों में ज्यादा से ज्यादा प्रचार कर और लोगों से झूठे वादे कर नेताओं ने जनता को अपनी तरफ खींचने की भरपूर कोशिश की है। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में एक तरफ वर्तमान विधायक कुमार आयलानी त्योहारों में जाकर फोटो सेशन कर अपनी 5 वर्षों के न किए गए कार्यों का गुणगान गा रहे हैं। विरोधियों से घिरे आयलानी इन दिनों केवल अपना बचाव करते ही नजर आ रहे हैं क्योंकि उनके द्वारा न किए गए कार्यों से जनता वाकिफ है। वहीं पिछले कई दशकों से राज करने वाला पप्पू कालानी अब नेता नहीं बेटे की दुहाई देकर वोट मांगने गणेशोत्सव में देखे गए। इसी तरह से शहर में परिवर्तन की लहर लाने हेतु भारत गंगोत्री, संजय गुप्ता, भगवान भालेराव इस तरह के प्रचार के दौरान देखे जा सकते हैं। शहर विकास के लिए कालानी ने तो घोषणा पत्र जारी कर दिया है जिसमें कई पुराने प्रस्ताव उल्हासनगर मनपा के हैं और कुछ प्रस्ताव कल्याण-डोंबिवली मनपा के है। कालानी ने घर बैठकर यह घोषणा पत्र जारी किया है जबकि शहर की हालत कुछ और ही दर्शाती है। ज्ञात हो कि उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में कैम्प 1, 2, 3, म्हारल, वरप व कांबा गांव का समावेश है।

### अंबरनाथ विधानसभा

अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक डॉ. बालाजी किणीकर भी गणेशोत्सव की आड़ में प्रचार करते शहर में देखे गए और अपने कार्यों का गुणगान किया। उनके विरोधी यहां से वालेकर गुट व कांग्रेस के रोहित सालवे भी प्रचार का भरपूर कार्य किए। ज्ञात हो कि अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में अंबरनाथ पूर्व-पश्चिम व उल्हासनगर-5 का समावेश है।

### कल्याण पूर्व विधानसभा

कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक गणपत गायकवाड़ फायरिंग मामले में जेल में है. ऐसे में उनकी धर्मपत्नी सुलभा गायकवाड़ ने गणेशोत्सव के दौरान ही प्रचार की कमान संभाल ली है। इस क्षेत्र से कई इच्छुकों ने इस गणेशोत्सव के दौरान जमकर प्रचार किया। जिसमें धनंजय बोडारे, नीलेश शिंदे, विलास पावशे, महेश गायकवाड़, सचिन पोटे का समावेश है। ज्ञात हो कि कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में उल्हासनगर-4 क्षेत्र का भी समावेश है।

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 165 | मंगलवार, 17 सितंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now | /ulhasvikas | संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर में लगे बैनर से राजनीतिक चर्चा जोरों पर

- बैनर में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की फोटो गायब
- हीराघाट व म्हारल नाके पर दिखे बैनर

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-3 स्थित हीरा घाट चौक पर लगे एक बैनर ने शहर में राजनीतिक चर्चा शुरू कर दी है. उल्हासनगर में राजनीतिक मामला गरमा गया है क्योंकि इस बैनर से उपमुख्यमंत्री अजित पवार की तस्वीर गायब है, जिसमें उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'देवा भाऊ' कहा गया है। स्थानीय नेताओं की फोटो न लगाए जाने से यह भी संदेह हो रहा है कि किसी ने शरारत तो नहीं की है। यह बैनर म्हारल में भी देखा गया है कि इस बैनर ने उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में बहस छेड़ दी है और इस बात को लेकर बार-बार चर्चा हो रही है कि आखिर यह बैनर लगाया किसने है। उल्हासनगर- 3 स्थित हीरा घाट चौक पर लगाए गए बैनर में ऊपरी दाएं कोने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तस्वीरें हैं। इसके अलावा, बैनर के केंद्र में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की चाबुक पहने हुए एक बड़ी तस्वीर प्रमुखता से प्रदर्शित की गई है। देवेन्द्र फड़नवीस को ₹देवा भाऊ₹ शीर्षक वाले बैनर पर




लिखा था, 'प्यारी बहन को 1500 रुपये प्रतिमाह!' ऐसा ही एक अनोखा वाक्या भी है. हालांकि, इस बैनर पर खास बात यह है कि उप मुख्यमंत्री अजित पवार की फोटो गायब है, जिसे लेकर उल्हासनगर के राजनीतिक गलियारों में इधर-उधर की चर्चा शुरू हो गई है. हालांकि बैनर में देवेंद्र फड़नवीस और अन्य नेताओं की तस्वीरें हैं, लेकिन स्थानीय भाजपा नेताओं की तस्वीरें हटा दी गई हैं। इससे स्थानीय राजनीतिक नेताओं में आक्रोश फैल गया है और चूंकि बैनर लगाने वालों के नाम और फोटो नहीं दिए गए हैं, इसलिए अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह शरारत किसने की होगी। इस बैनर से उल्हासनगर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है. नेताओं में यह संशय फैल गया है कि कोई जानबूझकर राजनीतिक खेल खेल रहा है. स्थानीय नेताओं की तस्वीरें क्यों हटाई गईं? क्यों गायब है अजित पवार की फोटो? और वास्तव में बैनर किसने लगाया? ये सवाल अब हर जगह दिखाई दे रहे हैं. इन सभी घटनाओं की जांच के बाद अगले कुछ दिनों में राजनीतिक तस्वीर साफ होने की संभावना है. इस बैनर के जरिए उल्हासनगर के राजनीतिक परिदृश्य में एक नई चर्चा जुड़ गई है और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस घटना का राजनीतिक असर कितना होगा.

### सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि मंगलवार को अनंत चतुर्दशी पर 'उल्हास विकास' कार्यालय बंद रहेगा. अतः अगला अंक गुरुवार को पाठकों के समक्ष होगा. असुविधा के लिए खेद है.

–संपादक


# अंबरनाथ में भीषण हादसा, डम्पर-बाइक की टक्कर

- बाइक सवार बाल-बाल बचा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के न्यू बायपास रोड पर गोविंद तीर्थ पुल के पास सोमवार सुबह भीषण हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। इस हादसे में बाइक सवार ने गलत दिशा में डंपर को ओवरटेक करने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल दी. सौभाग्य से, बाइक सवार बाल-बाल बच गया, हालांकि यह दुर्घटना भीषण थी। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे न्यू बाईपास रोड पर सिग्नल पर कुछ वाहन रुके हुए थे।

सिग्नल जारी होने के बाद वाहन आगे बढ़ने लगे। उसी समय यश इंटरप्राइजेज के दो खाली डंपर शिव मंदिर की ओर मुड़ रहे थे तब एक बाइक सवार ने गलत दिशा यानी बायीं ओर से इस डंपर को



ओवरटेक करने की कोशिश की. हालाँकि, जैसा कि बाइक सवार को अनुमान नहीं था, वह बाईं ओर मुड़ रहे डंपर के पिछले पहिये के नीचे आ गया और बाइक एक भयानक दुर्घटना का शिकार हो गई। दुर्घटना में दोपहिया वाहन डंपर के पिछले पहिये के नीचे आ गया और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सौभाग्य से बाईक सवार को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद डंपर चालक को हादसे का अहसास नहीं हुआ तो वह कार के नीचे फंसी बाइक को कुछ दूर तक घसीटता ले गया। इससे कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लग गया। स्थानीय नागरिकों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दुर्घटना पीड़ित को मौके पर पहुंच कर मदद की गयी. शिवाजी नगर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. डंपर का नंबर एमएच 05 एएम1825 है.

# विसर्जन के लिए मनपा पूरी तरह तैयार

**उल्हासनगर.** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर मनपा प्रशासन ने उल्हासनगर में आइडिया कंपनी, सेंचुरी, हीराघाट, उल्हासनगर रेलवे स्टेशन, लालचक्की, नाना-नानी पार्क, कैलास कॉलोनी में श्री गणेशमूर्ति विसर्जन घाटों पर हर साल की तरह तैयारी पूरी कर ली है। शहर में लगभग 5 से 6 फीट की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन उपरोक्त घाटों पर किया जाता है। ऊंची मूर्तियों को कल्याण की खाड़ी में विसर्जित किया जाता है।



गणेश भक्त गणराया को भक्ति भाव से विदाई दे सकें, इसके लिए मनपा ने सभी विसर्जन घाटों पर अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। विसर्जन से पहले पूजा के लिए टेबलें सजाई जाती हैं. कलश शुद्ध संग्रह के लिए रखे जाते हैं। इस अवसर पर किसी भी आपदा को रोकने के लिए अग्निशमन प्रणाली, सुरक्षा गार्ड और मेडिकल टीम को तैनात किया गया है।

आयुक्त विकास ढाकने, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गावस और उपायुक्त सुभाष जाधव के मार्गदर्शन में, सभी वार्ड अधिकारी और सभी स्वच्छता निरीक्षक और अग्निशमन विभाग प्रमुख व्यक्तिगत ध्यान से विसर्जन का कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं।




उल्हास विकास



# दिल्ली में आप और कांग्रेस के अलग हो सकते रास्ते

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दो दिन बाद इस्तीफा देने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ देश की राजधानी दिल्ली ही नहीं बल्कि समूचे सियासी हलके में हलचल मच गई है। सियासी नजरिए से राजनीतिक जानकार इसको आने वाले विधानसभा चुनाव का बड़ा सियासी दांव मान रहे हैं। कांग्रेस के नेता भी इस बात को दबी जुबान मान रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे वाले दांव के साथ दिल्ली में भी हरियाणा जैसा ही माहौल बनेगा। यानी कि दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग बगैर गठबंधन के ही चुनाव में जाएंगे। हालांकि गठबंधन को लेकर दोनों पार्टियों की ओर से कोई बात तो नहीं हुई है। लेकिन जिस तरह से कांग्रेस के नेताओं के बयान आए हैं उससे स्पष्ट है कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की राहें अलग हो सकती हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'जनता की अदालत' के मिलने वाले फैसले के साथ दो दिन बाद इस्तीफे की घोषणा की। दरअसल, राजनीतिक गलियारों में निगाहें इस बात पर लगी हैं कि अरविंद केजरीवाल के अब इस बड़े सियासी दांव के साथ क्या कांग्रेस दिल्ली में होने वाले विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में उतरेगी या नहीं। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार राज्यवर्धन सिंह कहते हैं की जिस तरीके से अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफे की पेशकश की है वह आने वाले विधानसभा चुनाव में बड़ा इमोशनल दांव माना जा रहा है। ऐसे इमोशनल दांव के साथ सियासी



गलियारों में यह चर्चा तो लाजिमी हो जाती है कि क्या इस दांव के साथ आम आदमी पार्टी अकेले ही दिल्ली के विधानसभा चुनाव में उतरेगी या कांग्रेस उसकी सहयोगी होगी।

उनका मानना है कि पार्टी में बहुत सोची समझी रणनीति के तहत अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा वाला दांव चला है। इसलिए ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि क्या कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन दिल्ली के विधानसभा में होगा या नहीं। वह कहते हैं कि आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी समेत कुछ अन्य नेताओं ने लगातार अब इस बात पर मीडिया से लेकर अलग-अलग जगह पर बयान भी दिए हैं कि दिल्ली में 70 की 70 सीटें आम आदमी पार्टी के हिस्से में ही आएंगी। ऐसे में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सब कुछ सामान्य रहेगा यह थोड़ा मुश्किल लग रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता भी दबी जुबान से इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि जिन विवादों के साथ अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेताओं नाम आ रहा है, उसमें अगर कांग्रेस पार्टी बगैर गठबंधन के चुनाव लड़ती है तो उसको ज्यादा फायदा मिल सकता है।

वहीं अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनकी प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की राहें अलग हो सकती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे और कांग्रेस पार्टी के नेता संदीप दीक्षित ने तो इस इस्तीफे पर अरविंद केजरीवाल से लेकर आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों ले लिया। उन्होंने कहा जिस नैतिकता की दुहाई देकर अरविंद केजरीवाल इस्तीफा दे रहे हैं उसकी तो कोई झलक ही नहीं दिखती है। दीक्षित ने कहा कि फाइलों के साइन होने का मकसद किसी तरीके की सेवा का नहीं बल्कि मेवा का था। कड़ा रुख अपनाते हुए दीक्षित ने कहा कि शराब की बोतल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रख देनी चाहिए। जो उनके 10 साल का पूरा हिसाब किताब बयां करेगी। राजनीतिक जानकार राजीव तनेजा कहते हैं की संदीप दीक्षित की यह तल्ख़ टिप्पणी इस बात का इशारा करती है कि आने वाले दिनों में विधानसभा के चुनाव की क्या तस्वीर होने वाली है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के भीतर एक बड़ा धड़ा आम आदमी पार्टी के साथ दिल्ली में गठबंधन न करने को लेकर लगातार आला कमान पर दबाव बना रहा है। पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन न होने से उनकी पार्टी को बड़ा फायदा होगा। वह कहते हैं कि लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ हुए गठबंधन में राजनीतिक ताकत का अंदाजा पहले ही हो चुका है। रही सही कसर अरविंद केजरीवाल ने जेल से वापस आने के बाद इस्तीफा देने की घोषणा के साथ कर दी।

---

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## चीतों का कुनबा बढ़ाने की तैयारी

चीता परियोजना केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। दो वर्ष पहले नामीबिया से आठ चीते लाकर मध्यप्रदेश के कूनो उद्यान में छोड़े गए थे। इस तरह करीब अस्सी वर्ष बाद फिर से चीतों को बसाने की पहल शुरू हुई थी। हालांकि तब काफी आशंकाएं जताई गई थी कि भारत की जलवायु चीतों के अनुकूल नहीं है और शायद वे ज्यादा दिन जीवित नहीं रह पाएंगे। मगर अब वे आशंकाएं काफी हद तक निर्मूल हो चुकी हैं। उसके एक वर्ष बाद दक्षिण अफ्रीका से बारह चीते मंगाए गए थे।

हालांकि इस बीच आठ चीतों ने दम तोड़ दिया, पर बचे हुए चीतों ने सत्रह शावकों को जन्म दिया, जिनमें से बारह जीवित हैं। स्वाभाविक ही इससे उत्साहित होकर सरकार ने अब केन्या से चीते लाने का समझौता किया है। भारत ने इसे अंतिम रूप दे दिया है और केन्या प्रशासन से इस पर मंजूरी का इंतजार है। केन्या से लाए जाने वाले चीतों को गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में बन रहे प्रजनन केंद्र में बसाने की योजना है।

### बीमारियों के डर से पिंजरों में कैद हैं चीते

ऐसा नहीं कि चीतों को बसाने की कोशिश इससे पहले नहीं हुई। अंग्रेजों के शासन में भी इसके प्रयास हुए, मगर वहां की जलवायु और शिकारियों पर अंकुश न लग पाने की वजह से चीतों का कुनबा बढ़ नहीं पाया। अच्छी बात है कि अब कूनो उद्यान में चीतों का परिवार बढ़ रहा है। उनकी संख्या पच्चीस हो गई है। हालांकि योजना थी, चीतों को कूनो में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ा जाना था, मगर उनमें बीमारियों और शिकारियों आदि के भय से उन्हें अभी तक पिंजरों में ही कैद रखा गया है। उनमें से केवल एक चीता बाहर है। दरअसल, कूनो उद्यान के चीतों में कई बार बीमारियों का प्रकोप देखा गया है, इसलिए उन्हें सुरक्षित वातावरण में रखा जाता है। पर इस तरह अभयारण्य और चिड़ियाघर में अंतर नहीं रह जाता। गुजरात के नए बन रहे प्रजनन केंद्र में भी अगर उन्हें पिंजरे में रखना पड़ा, तो उनके स्वाभाविक जीवन को लेकर दावा करना मुश्किल होगा। यह अपेक्षा अभी पूरी नहीं हुई है कि चीते खुले में कुलांचें भरेंगे और लोग उन्हें अपनी स्वाभाविक जीवन-शैली में देख सकेंगे।

---





जीवन में सफलता की कुंजी है प्रभु पर ध्यान केंद्रित रखना।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


---

# मोदी सरकार का दावा और हकीकत

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को लेकर परस्पर विरोधी बातें सुनने को मिलती रही हैं। सरकार का दावा है कि अब वहां आतंकवाद खत्म होने को है। कुछ दिनों पहले गृह मंत्रालय ने दावा किया था कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद काफी कम हो गया है, अब केवल कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गया है। जल्दी ही उसे समाप्त कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भी वही बात दोहराई है। उन्होंने डोडा से विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री के दौरे से पहले ही वहां आतंकी हमला हुआ, जिसमें एक अधिकारी समेत दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। सेना के जवाबी हमले में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। घाटी में सक्रिय विपक्षी राजनीतिक दलों का आरोप है कि पिछले दस वर्षों में वहां आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। बहुत सारे निरपराध लोग मारे गए हैं, अनेक सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं।

इससे पहले आतंकवादी घटनाएं इतनी नहीं होती थीं, केंद्र सरकार ने तब स्थानीय लोगों से बातचीत का सिलसिला शुरू किया था और आतंकी गतिविधियां काफी कम हो गई थीं। मगर सरकार इन बातों को सिरे से खारिज करती है। हालांकि दो वर्ष पहले गृह



मंत्रालय ने भी माना था कि विशेष दर्जा खत्म होने और राज्य में कर्फ्यू के दौरान स्थानीय युवाओं की आतंकी समूहों में भर्ती बढ़ी है।

पहले नोटबंदी के समय दावा किया गया था कि इससे आतंकी समूहों की कमर टूट जाएगी। उन्हें वित्तीय मदद मिलनी बंद हो जाएगी। फिर अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद कहा गया कि इससे दहशतगर्दी पर लगाम लग जाएगी। मगर हकीकत यह है कि करीब दो वर्ष तक सघन तलाशी और कड़ी पहरेदारी के बावजूद आतंकी घटनाओं पर कोई उल्लेखनीय अंकुश लगा नजर नहीं आया। फिर जैसे-जैसे वहां जनजीवन सामान्य बनाने के लिए कुछ ढिलाई दी जाने लगी, दहशतगर्दी एकदम से बढ़नी शुरू हो गई। आतंकवादियों ने अपने हमले के तरीके बदल लिए। कभी वे बाहरी लोगों और कश्मीरी पंडितों पर लक्षित हिंसा करने लगे, तो कभी सेना के काफिले पर घात लगा कर हमला।

पिछले पांच वर्षों में थोड़े-थोड़े समय बाद सुरक्षाबलों पर घात लगा कर हमले बढ़े हैं। उन हमलों की समीक्षा से यह भी तथ्य सामने आया कि उनके पास बाहर से अत्याधुनिक हथियार पहुंचने लगे हैं, वे सुरक्षाबलों के सूचना तंत्र में सेंध लगाने के नए तरीके तलाश चुके हैं। ऐसे में यह सवाल बार-बार पूछा जाता रहा है कि आतंकी समूहों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों और बाहर से हथियार वगैरह मुहैया कराने वालों पर शिकंजा कसे जाने के बावजूद उन तक ये चीजें कैसे पहुंच जा रही हैं। केंद्र सरकार का शुरू से दावा रहा है कि वह घाटी में आतंकवाद समाप्त करके ही दम लेगी। इसके लिए निस्संदेह उसने सख्त कदम भी उठाए, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ कम हो गई। मगर आतंकी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं, तो इसके पीछे बड़ा कारण है कि दहशतगर्दों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है और वहां के युवाओं को हथियार उठाने से रोका नहीं जा पा रहा। घाटी में आतंकवाद नासूर बन चुका है, हर नागरिक वहां अमन चाहता है, आतंकवाद को किसी भी रूप में खत्म देखना चाहता है। मगर केवल सरकारी दावों में इसके खत्म होने की बात कहने से हकीकत नहीं छिपती, इसे जमीन पर भी दिखना चाहिए।

---

# राशन वाली बोरी से बना प्लाजो बिक रहा मॉल के अंदर

फैशन के मामले में दुनिया काफी तेजी से आगे बढ़ रही है. बाजार में अक्सर नए अंदाज के ड्रेस नजर आ जाते हैं. शुरुआत में उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि भला ऐसे कपड़े कौन पहनता है, लेकिन समय के साथ हर कोई उस फैशन को अपना लेता है. लेकिन इनमें से कई ऐसे फैशनेबल कपड़े भी होते हैं, जिन्हें देखकर जिंदगीभर आप तमाम कोशिशों के बावजूद पहन नहीं सकते. अभी हाल ही में ऐसी ही एक फटी हुई जींस का वीडियो वायरल हुआ था, लेकिन आज हम आपको जो दिखाने जा रहे हैं, वो भी कुछ

**जरा हट के**

कम नहीं है. दरअसल, राशन वाली बोरी से किसी ने लड़कियों के लिए प्लाजो तैयार कर दिया. ये प्लाजो इधर-उधर नहीं, बल्कि मॉल के अंदर बिक रहा है. इंस्टाग्राम पर यह वीडियो खूब देखा जा रहा है, जिसे @sadiq_rathvi नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है.



इस अकाउंट को मोहम्मद सादिक कादरी हैंडल करते हैं. उनके द्वारा शेयर किया गया वीडियो कहां और किस मॉल का है, इसकी जानकारी तो उपलब्ध नहीं है. लेकिन वीडियो में आप देख सकते हैं कि इसे बनाने वाली कंपनी का नाम होली फैशन है, जिसका दफ्तर महाराष्ट्र के मुंबई में है. मॉल के अंदर इस ड्रेस को शोकेस में लगाया गया है, जिस पर नजर पड़ गई. वो करीब से जाकर उस प्लाजो को देखता है. फिर उस पर लगे प्राइस टैग पर कीमत दिखाता है. इस बोरी से बनी प्लाजो की कीमत 60 हजार रुपए रखी गई है.

पहली बार इस ड्रेस को देखकर ही लोग हैरान हो जाते हैं, फिर वे जब इसका प्राइस चेक करते हैं, तो उनके होश उड़ जाते हैं. भला बोरी से बनी ड्रेस की कीमत इतनी ज्यादा कैसे हो सकती है. हालांकि, सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. अब तक इस वीडियो को महज 1 दिन के अंदर 2 करोड़ 34 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है. वहीं, 8 लाख 19 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे शेयर किया है, जबकि 2 लाख 18 हजार से ज्यादा लोगों ने इस वीडियो को लाइक किया है. इतना ही नहीं, इस वीडियो पर कमेंट्स भी खूब आ रहे हैं. अब तक 3 हजार 3 सौ ज्यादा लोग कमेंट्स कर चुके हैं.

---

# पेट में भर जाती है गैस

पेट फूलना पाचन से जुड़ी एक ऐसी परेशानी है जिसके लिए खराब लाइफस्टाइल और खराब डाइट जिम्मेदार है। पेट फूलने की समस्या के लिए आंत की सेहत भी जिम्मेदार है। रोजाना की कुछ आदतें भी पेट फूलने की समस्या का कारण बनती हैं। पेट का फूलना कोई खतरनाक बीमारी नहीं बल्कि पेट की गैस है जो पेट में फंस जाती है। इस गैस की वजह से ही पेट फूलकर कुप्पा बन जाता है। ब्लोटिंग की ये बीमारी बेहद असुविधाजनक होती है। ब्लोटिंग की बीमारी बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में हो सकती है। इस बीमारी का सबसे आम लक्षण पेट का दर्द है।

एक्सपर्ट के मुताबिक कभी-कभी पेट का फूला हुआ होना कोई परेशानी की बात नहीं है लेकिन लगातार ये परेशानी होने से आपको तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। आइए जानते हैं कि ब्लोटिंग की

## इस तरह करें ब्लोटिंग का इलाज



परेशानी होने के लिए कौन-कौन से कारण जिम्मेदार हैं और उनका उपचार कैसे किया जाए।

### ब्लोटिंग की समस्या कैसे सेहत को करती है प्रभावित

ग्लेनीगल्स अस्पताल, लकड़ी का पुल, हैदराबाद में जीआई ऑन्कोलॉजी, एचपीबी और बेरिएट्रिक सर्जरी और उन्नत लेप्रोस्कोपिक सर्जन, कंसल्टेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ.नाडेंडला हजार थैया ने बताया कि गट में इंफ्लामेशन के शुरूआती संकेत हैं जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। आर्टिफिशियल स्वीटनर और सोर्बिटोल और एस्पार्टेम जैसे पदार्थ गैस और ब्लोटिंग का कारण बनते हैं। डाइट में सेम, दाल और साबुत अनाज का सेवन पेट में गैस और ब्लोटिंग का कारण बनता है। इन फाइबर युक्त फू* की वजह से पेट में ब्लोटिंग हो सकती है। एक्सपर्ट के मुताबिक लम्बे समय तक ब्लोटिंग का इलाज नहीं किया जाए तो ये एसिड रिफ्लक्स जैसी अधिक गंभीर परेशानी में बदल सकता है।

डॉ शेट्टी के मुताबिक अगर आंत के बैक्टीरिया की संख्या में अंसुतलन हुआ है तो इस पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह असंतुलन तब होता है जब आप बिना एक्सपर्ट की सलाह से प्रीबायोटिक, प्रोबायोटिक या अन्य सप्लीमेंट लेते हैं। इसके साथ ही यदि आपकी खाने की आदत में तेजी के साथ परिवर्तन होने लगे। तनाव का सबसे बड़ा कारण कम नींद भी है जिससे आंत के बैक्टीरिया डिस्टर्ब होते हैं और इससे ब्लोटिंग होती है।

**ब्लोटिंग की परेशानी का कारण..**

- लम्बे समय तक बैठे रहना
- टाइट कपड़े पहनना,खासतौर पर पेंट का टाइट होना
- च्यूइंग गम का सेवन करना
- खाने के साथ फल खाना
- तेजी से पानी पीना
- खाना खाते समय बात करना, या मुंह खोलकर खाना
- खाना खाते समय खूब पानी पीना
- तेजी से खाना
- भोजन में प्रोबायोटिक्स की कमी
- शराब का सेवन करना खासतौर पर बीयर का सेवन करना
- कब्ज की परेशानी होना

**ब्लोटिंग का नेचुरल तरीके से करें उपचार**

- डाइट में ऐसे फूड्स को शामिल करें जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो।
- खीरा और केला जैसा फल खाएं। दही खाएं।
- ब्लोटिंग को दूर करने वाली एक्सरसाइज करें।
- वॉक करें, पेट में दर्द, गैस, ऐंठन, कब्ज की परेशानी दूर होगी।

---

# दही सैंडविच

**खाना-खजाना**

एक समय था जब बच्चे घर का बना भोजन करना पसंद करते थे, लेकिन आज समय बदल गया है। आज के बच्चे बाजार में मिलने पकवानों को खाना ज्यादा पसंद करते हैं। जब उन्हें घर का बना कुछ खाने को दिया जाए तो उनके काफी नखरे होते हैं। ऐसे में हर मां के सामने ये दिक्कत रहती है कि वो अपने बच्चे को ऐसा क्या खिलाएं, जिसे वो मन से खाए और उसका पेट भी भर जाए। खासतौर पर परेशानी सुबह का नाश्ता बनाने में आती है। अगर आप भी इसी बात से परेशान रहती हैं तो ये लेख आपके लिए है। ऐसे में हम आपको आसान तरीके से दही सैंडविच बनाना सिखाएंगे, ताकि आप अपने बच्चे को स्वादिष्ट नाश्ता खिला सकें। दही सैंडविच एक ऐसा नाश्ता है, जिसे आप कुछ ही देर में तैयार कर सकती हैं। आप चाहें तो इसे टिफिन में पैक भी करके भेज सकती हैं।

**सामग्री :** 1 कप दही, ब्रेड, मक्खन, नमक, काली मिर्च पाउडर, चाट मसाला, 1 कटा हुआ प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, कटी हुई हरी धनिया

**विधि :** दही सैंडविच बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले एक बड़े कटोरे में दही निकालें। अब इसे पूरी तरह से फेंट लें। फेंटने के बाद इसमें कटा हुआ प्याज, टमाटर और शिमला मिर्च डालें।




सभी चीजों को मिक्स करने के बाद इसमें नमक, काली मिर्च पाउडर और हल्का सा चाट मसाला डालें। एक बार फिर इसे चमचे की मदद से सही से मिक्स करें। आखिर में इसमें कटी हुई धनिया पत्ती डालें।

अब एक ब्रेड स्लाइस लेकर उसपर इस मिश्रण को लगाएं। सही से मिश्रण लगाने के बाद दूसरा ब्रेड इसके ऊपर रख दें। इसके बाद तवे को गर्म करके उस पर मक्खन लगाएं और फिर सैंडविच को सुनहरा होने तक सेकें। ये सैंडविच आप अपने बच्चे को जूस के साथ परोस सकती हैं। आप चाहें तो सैंडविच बनाने के लिए ब्राउन ब्रेड का इस्तेमाल कर सकती हैं।

---

# डेस्क वर्क करते हैं और कमर दर्द से है जीना मुहाल



डेस्क वर्क करने वालों को खराब पॉश्चर की परेशानी सबसे ज्यादा परेशान करती है। पॉश्चर बिगड़ने के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं जैसे डेस्क वर्क करना, लेटकर टीवी देखना, झुककर बैठना, कंधे झुकाकर चलना ऐसी परेशानियां हैं जो आपके पॉश्चर को बिगाड़ सकती हैं। खराब पॉश्चर को अगर सुधारा नहीं जाए तो सालों तक ये परेशानी बनी रहती है। खराब पॉश्चर की परेशानी गंभीर दर्द, सिरदर्द या यहां तक कि चलने में भी परेशानी का कारण बन सकती है। पॉश्चर की प्रॉब्लम आपके मूड और लोगों के आपको समझने के तरीके को भी प्रभावित कर सकती है। गलत मुद्रा में खड़े होना, बैठना, लेटना आपकी मांसपेशियों और जोड़ों पर तनाव डाल सकता है और आपकी ओवर ऑल हेल्थ को प्रभावित कर सकता है।

## इन 5 तरीकों को अपना लें, पॉश्चर सुधरते ही मुश्किल हो जाएगी आसान

एक खबर के मुताबिक झुकना, गर्दन के एक तरफ दबाव डालना और एक पैर पर दबाव डालकर खड़े होना खराब पॉश्चर के उदाहरण हैं। गोल कंधे, सिरदर्द, पेट और पीठ दर्द अक्सर खराब पॉश्चर के कारण ही होता हैं। गतिहीन जीवनशैली इस परेशानी को और ज्यादा बढ़ा देती है।

खराब पॉश्चर न सिर्फ रीढ़ की हड्डी में खराबी, दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं का कारण बनती हैं बल्कि आपके व्यक्तित्व पर भी असर डालती हैं। अक्सर देखा गया है जो लोग झुक कर बैठते हैं उन्हें दूसरे लोग कम गंभीरता से लेते हैं। खराब पॉश्चर का अगर ठीक से ध्यान रखा जाए तो इस परेशानी से निजात पाई जा सकती है। कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों के निर्माण और पॉश्चर को सुधारने में मदद करती हैं। आइए जानते हैं कि पॉश्चर को कैसे सुधारें।

### आरामदायक गद्दे पर सोएं

अगर आपका पॉश्चर खराब है तो आप रात को सोने के लिए आरामदायक गद्दे का इस्तेमाल करें। आपका गद्दा आपकी ख़राब मुद्रा का एक कारण हो सकता है। खराब गद्दे पर सोने से पीठ दर्द बढ़ सकता है और आप थका हुआ और बेचैन महसूस कर सकते हैं। अपनी मुद्रा को बेहतर बनाने और बेहतर आराम पाने के लिए सबसे पहले अपने बेड का गद्दा आरामदायक चुनें।

### काम के बीच ब्रेक लें

लम्बे समय तक डेस्क वर्क करते हैं तो काम के बीच में ब्रेक जरूर लें। स्ट्रेचिंग व्यायाम या टहलने से आपके शरीर को स्ट्रेच करने और पॉश्चर को सुधारने में मदद मिलेगी। यदि आप पूरे दिन एक ही स्थिति में बैठे रहेंगे तो आपका पॉश्चर एक ही तरह का हो जाएगा और आपको कमर दर्द, कंधों में दर्द जैसी परेशानियां तंग करेंगी।

### एक्सरसाइज करें

पॉश्चर को ठीक करने के लिए आप रेगुलर एक्सरसाइज करें। व्यायाम आपके शरीर को लचीला बनाता है और पॉश्चर को सुधारता है। आप पॉश्चर को सुधारने के लिए तैर सकते हैं, कोई खेल खेल सकते हैं, साइकिल चला सकते हैं या फिर दौड़कर या योग की मदद ले सकते हैं।

### रिमाइंडर मैसेज लगाएं

आप काम में मसरूफ हो जाते हैं और सीट से उठना भूल जाते हैं तो आप मोबाइल में रिमाइंडर मैसेज लगाएं। रिमाइंडर मैसेज आपको काम से ब्रेक लेने मदद कर सकता है। आप नोट पेड पर "सीधे बैठों" का मैसेज लिखकर अपने डेस्क पर रख सकते हैं। ये मैसेज बीच बीच में आपको पॉश्चर सुधारने के लिए विवश करेगा।

### अपनी पोजीशन को एडजस्ट करें

गलत मुद्रा में काम करना या लंबे समय तक गलत तरीके से कंप्यूटर को देखना आपकी हेल्थ को बर्बाद कर सकता है। बॉडी को हेल्दी रखने के लिए आप अपने लैपटॉप के स्क्रीन को ठीक से एडजस्ट करें। लैपटॉप स्टैंड का उपयोग करें और आरामदायक कुर्सी का इस्तेमाल करें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

---

# आज का राशिफल

**मेष :** अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार मिलेगा। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना बन सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**वृषभ :** आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा।

**मिथुन :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा। विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कर्क :** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी। घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें।

**सिंह :** धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या :** पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

**तुला :** राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है। चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी।

**धनु :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएंगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

**मकर :** रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी।

**कुंभ :** व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा।

**मीन :** पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### जौनपुर में बदमाशों के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े घर में घुसकर दादी-पोते को मारी गोली, हालत गंभीर

**जौनपुर.** जौनपुर में बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने घर मे घुस कर दादी-पोता को गोली मारकर घायल कर दिया। आनन-फानन में घायलों की अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर पोते को बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। ये घटना कोतवाली क्षेत्र के नईगंज मोहल्ले का है। पुलिस के अनुसार 27 साल के शनि यादव 70 साल की उसकी दादी कमला देवी घर के पास अपनी ट्रैक्टर पार्ट की दुकान पर बैठे थे। इस दौरान दिन में करीब साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार नकाबपोश दो अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गए। बदमाशों की पहली गोली शनि यादव के पीठ में और दूसरी गोली उसकी दादी कमला देवी के पैर में गोली लगी है। आनन-फानन में परिज दोनों को लेकर जिला अस्पताल भागे जहां पर शनि की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया।

### एक ही परिवार के 10 लोगों का जनाजा देख रोया हुजूम

**मेरठ.** मेरठ में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां तीन मंजिला मकान गिरने से एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद के बाद घनी आबादी वाले इलाके जाकिर कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है। प्रशासन के अनुसार मेरठ में जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से रविवार को एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मेरठ के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने हादसे के पीड़ितों से आज मुलाकात की और घटनास्थल का जायजा भी लिया। पीड़ित परिजनों को सरकारी आर्थिक मदद के सवाल पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जान की कोई कीमत नहीं होती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसी घटनाओं को लेकर बहुत संवदेनशील हैं और उनके ही निर्देश पर वह यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को मदद दी जाएगी।

### कोचिंग के लिए निकली दसवीं की छात्रा की हत्या, पोस्टमार्टम में गर्भवती मिली नाबालिग लड़की

**फतेहपुर.** फतेहपुर जिले के बिंदकी क्षेत्र में कोचिंग के लिए निकली दसवीं की छात्रा की हत्या कर दी गई है। उसकी लाश देख लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। रेप के बाद हत्या की आशंका जताते हुए सोमवार को लोगों ने शव को कोतवाली के सामने रख कर प्रदर्शन किया और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। वहीं, छात्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके गर्भवती होने का खुलासा होने से परिजन हैरान हैं। बताया जाता है कि बिदंकी थाना क्षेत्र के ग्राम पैगम्बरपुर निवासी 14 वर्षीय छात्रा नेहरू इंटर कालेज में कक्षा 10 में पढ़ती थी। रोज की तरह से शनिवार शाम को वह कोचिंग पढ़ने गई थी। जब देर शाम तक वापस नहीं आयी तो परिजनों ने तलाश शुरू की.

# 'राहुल की जीभ काटने वाले को इनाम'

- शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा- 11 लाख दूंगा
- आरक्षण पर कांग्रेस नेता के बयान से नाराज

#### संजय गायकवाड़ का बयान...



महाराष्ट्र और देश में आरक्षण की मांग की आग लगी हुई है। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान में पिछड़े वर्ग, आदिवासियों और अन्य वर्गों को आरक्षण दिया था। लेकिन, राहुल गांधी ने विदेश जाकर कहा कि वे देश में आरक्षण खत्म करना चाहता हैं। उनका असली चेहरा सामने आ गया है।

#### राहुल ने कहा था- आरक्षण खत्म करने का अभी सही समय नहीं...



राहुल ने वॉशिंगटन डीसी में कहा था- कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब सही समय होगा। जब आप वित्तीय आंकड़ों को देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपए में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 रुपए में से 5 रुपए मिलते हैं और OBC को भी लगभग इतनी ही रकम मिलती है। राहुल ने जातिगत जनगणना को लेकर भी कहा था- भारत के दलित, OBC, आदिवासी को उनका हक नहीं मिल रहा है। देश के 90% आबादी वाले OBC, दलित और आदिवासी इस खेल में ही नहीं हैं। जातिगत जनगणना यह जानने का आसान तरीका है कि निचली जातियां, पिछड़ी जातियां और दलित किस स्थिति में हैं।

**बुलढाणा.** महाराष्ट्र के बुलढाणा से विधायक संजय गायकवाड़ ने राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। संजय ने सोमवार को कहा, 'राहुल गांधी पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। उन्हें इसका इनाम मिलेगा, जो भी राहुल की जीभ काटेगा उसे 11 लाख रुपए दिए जाएंगे।'

संजय ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में संविधान खतरे में होने का फर्जी नैरेटिव सेट कर वोट हासिल किए। आज वे आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस पिछड़े वर्ग, ओबीसी और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहती है।

राहुल गांधी पिछले दिनों अमेरिका दौरे पर थे। भारत में आरक्षण कब तक चलेगा, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था, ₹कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।₹

राहुल गांधी के इस बयान पर देशभर में उनका विरोध हुआ था। हालांकि, राहुल गांधी ने कहा था कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया।

महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह विधायक की टिप्पणी का समर्थन नहीं करते। भाजपा राज्य में शिवसेना सरकार एक हिस्सा है।

# शाह बोले- कश्मीर में आतंक को पाताल में दफन करेंगे

- अब्दुल्ला को कांग्रेस ने देशद्रोही कहा
- अब राहुल उनके साथ ही ILU-ILU कर रहे



**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के किशतवाड़ में जनसभा की। शाह ने कहा कि मैं हैरान हूं कि सत्ता का लालच क्या-क्या कर सकता है। उन्होंने कहा, 'जिस कांग्रेस पार्टी ने इस अब्दुल्ला परिवार को देशद्रोही कहा, आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया और उमर अब्दुल्ला के दादा को सालों तक जेल में रखा। आज मोदी जी के सामने जीतने के लिए राहुल और उमर अब्दुल्ला ILU-ILU कर रहे हैं।' शाह ने कहा कि उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए। यही बताता है कि राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला की सरकार बनी तो क्या होगा?

जम्मू-कश्मीर में फिर से गोलियां चलेंगी, पथराव होगा, आतंकियों के जनाजे निकलेंगे, ताजिया जुलूस बंद हो जाएगा, सिनेमा हॉल बंद हो जाएंगे, अमरनाथ यात्रा पर हमला होगा और जम्मू-कश्मीर में जो निवेश आ रहा है, इसकी जगह बेरोजगारी होगी।

#### जिनके मंसूबे आतंक फैलाने के, वे वापस चले जाएं

शाह ने कहा कि मैं आज यहां कहता हूं जिनके मंसूबे जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने के हैं। उनके पास अभी भी समय है। वे वापस चले जाएं, नहीं तो भारतीय सेना और सुरक्षा बल यहां तैनात है। यहीं पर ठिकाने लगा दिए जाओगे।


शाह ने कहा कि मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को मजबूत किया। मैं पूछना चाहता हूं फारूक अब्दुल्ला से कि आपकी तीन पुश्तों ने राज किया, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कभी मिला था?

किश्तवाड़ में शाह की दूसरी रैली थी। इसके पहले उन्होंने आज ही पाड्डुर के नागसेनी में जनसभा की थी। शाह की तीसरी रैली रामबन में होगी। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर को विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग होगी। ऐसे में यह पहले फेज के लिए चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है।

### 'लापता' प्रत्याशी ने नामांकन लिया वापस

हरियाणा में बादली विधानसभा से INLD-BSP प्रत्याशी महेंद्र सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। रविवार शाम चार बजे से वह बिना कुछ बताए घर से निकले थे, जिसके बाद किसी को भी खबर नहीं थी की वो कहां हैं। बसपा के जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश व अन्य ने पुलिस और बादली के SDM को महेंद्र सिंह के गायब होने की शिकायत भी दी थी। लेकिन करीब 20 घंटे बाद महेंद्र अपनी पत्नी शिक्षा देवी के साथ उपमंडल कार्यालय में पहुंचे और उन्होंने SDM सतीश यादव के सामने अपना अपना नामांकन वापस ले लिया।

# केजरीवाल आज शाम CM पद से इस्तीफा देंगे



**नई दिल्ली.** दिल्ली के उपराज्यपाल (LG) विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे मिलने का समय दिया है। इसी समय केजरीवाल CM पद से इस्तीफा देंगे। इससे पहले दिल्ली के पूर्व डिप्टी CM मनीष सिसोदिया केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं में अगले CM को लेकर चर्चा हुई। 13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद चर्चा है कि कैलाश गहलोत, गोपाल राय, आतिशी और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक CM बन सकता है।

#### मुख्यमंत्री कौन होगा

केजरीवाल ने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। चुनाव होने तक पार्टी दो-तीन दिन में नया मुख्यमंत्री चुनेगी। सूत्रों के मुताबिक, आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है।

#### केजरीवाल क्या करेंगे

5 अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग है। राज्य में कांग्रेस से AAP का गठबंधन नहीं हुआ है। इसके बाद यहां सभी 90 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं। केजरीवाल का पूरा फोकस अब हरियाणा में चुनाव प्रचार पर होगा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी केजरीवाल प्रचार कर सकते हैं।

### मंगलुरु में धार्मिक स्थलों के बाहर पथराव, पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया

**मंगलुरु.** कर्नाटक के मंगलुरु में दो धार्मिक स्थलों पर पथराव और दो समूहों के बीच झड़प की घटनाओं के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई है।

स्थानीय पुलिस के अनुसार, पिछले सप्ताह मांड्या जिले में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा के बाद यह घटनाएं हुई हैं। यहां भी कुछ लोगों ने आपसी भाईचारे को खराब करने की कोशिश की है। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है। इन आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को देर रात करीब 10 बजे हुई, कथित पत्थरबाज दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए थे। घटना की सूचना जैसे ही हमें मिली, हमनें तुरंत वहां जाकर स्थिति को अपने नियंत्रण में ले लिया। इलाके में किसी भी अप्रिय घटना की खबर नहीं है।

# ट्रम्प पर जानलेवा हमले की कोशिश






- AK-47 जैसी राइफल लेकर गोल्फ क्लब में छिपा था हमलावर,
- सीक्रेट सर्विस ने गोली चलाई
- हाईवे पर घेरकर पकड़ा

**फ्लोरिडा.** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर 64 दिन बाद एक बार फिर से जानलेवा हमले की कोशिश हुई है। CNN के मुताबिक ट्रम्प फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी के इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। तभी उनकी सुरक्षा में लगे सीक्रेट सर्विस एजेंट को झाड़ियों में एक संदिग्ध छिपा दिखाई दिया। उसके पास AK-47 जैसी राइफल और गो प्रो कैमरा था। बंदूक का निशाना गोल्फ कोर्स की तरफ था।

ट्रम्प और हमलावर के बीच की दूरी करीब 300 से 500 मीटर थी। एजेंट ने संदिग्ध को देखते ही उस पर फायरिंग की, जिसके बाद वह अपनी ब्लैक SUV से भाग गया। इस दौरान वहां मौजूद एक चश्मदीद ने संदिग्ध की गाड़ी की तस्वीर खींच ली। इसमें मिली नंबर प्लेट के आधार पर सीक्रेट सर्विस ने गाड़ी का पीछा किया और गोल्फ कोर्स से 60 किलोमीटर दूर हाइवे पर संदिग्ध को पकड़ लिया।

इसी साल 13 जुलाई को अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया के बटलर शहर में चुनावी रैली के दौरान ट्रम्प पर फायरिंग हुई थी, इसमें एक गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी।

# कोलकाता कांड की जांच को गुमराह कर रहा संदीप घोष



- पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान दिए भ्रामक जवाब

**कोलकाता.** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस की सीबीआई जांच जारी है। कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने अपनी पॉलीग्राफ जांच और लेयर्ड वॉइस एनालिसिस के दौरान सवालों के भ्रामक जवाब दिए है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मालूम हो कि लेयर्ड वॉइस एनालिसिस झूठ का पता लगाने वाली एक नई तरह की जांच है। इसका उपयोग आरोपी के झूठ बोलने पर उसकी प्रतिक्रिया का पता लगाने के लिए किया जाता है। हालांकि, यह झूठ की पहचान नहीं करता। यह तकनीक आवाज में तनाव और भावनात्मक संकेतों की पहचान करती है। CBI ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में 2 सितंबर को घोष को गिरफ्तार किया था। संघीय जांच एजेंसी ने बाद में उनके खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप भी जोड़े थे। पूछताछ के दौरान संदीप घोष की पॉलीग्राफ जांच और लेयर्ड वॉइस एनालिसिस कराया गया।

### हरियाणा BJP नेता कुलदीप बिश्नोई की सुरक्षा बढ़ाई

**हिसार.** हरियाणा के हिसार जिले के आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करने गए कुलदीप बिश्नोई और विधायक के बेटे भव्य बिश्नोई को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध के दौरान धक्का-मुक्की भी हुई।

घटना के बाद कुलदीप बिश्नोई खुद गांव में हुई पंचायत में पहुंचे और अपनी और भव्य की तरफ से माफी मांगी। कुलदीप बिश्नोई ने पंचायत में जाकर कहा कि आदमपुर के सभी लोग मेरे परिवार की तरह हैं, आप सभी भी मेरे परिवार के सदस्य हैं और परिवार में किसी तरह का अहंकार नहीं है।

इससे पहले ग्रामीणों ने भव्य बिश्नोई से कहा कि यहां कोई काम नहीं हुआ। बिश्नोई परिवार ने गांव के साथ सौतेला व्यवहार किया है। यह घटना आदमपुर के कुतियावाली गांव में हुई।

# पीएम ने किया मेट्रो का उद्घाटन

- मेट्रो से ही GIFT सिटी पहुंचे



**अहमदाबाद.** गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के GMDC मैदान में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में शामिल हुए। यहां वे करीब 1 लाख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। संबोधन के बाद 8000 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही 30 मेगावाट के सोलर सिस्टम का भी उद्घाटन करेंगे।

#### गांधीनगर में मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

इससे पहले पीएम ने अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मेट्रो से ही गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (GIFT) पहुंचे।

यह मेट्रो अहमदाबाद के एपीएमसी से गांधीनगर के सेक्टर-1 तक 33 किमी की दूरी तय करेगी। इस सफर को पूरा करने में मेट्रो 65 मिनट का समय लेगी और किराया भी सिर्फ 35 रुपए होगा। वहीं, टैक्सी में अभी 80 मिनट से ज्यादा का समय लग जाता है और 400 रुपए से भी ज्यादा किराया देना पड़ता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा अहमदाबाद से गांधीनगर तक रोजाना आने-जाने वाले कर्मचारियों और स्टूडेंट्स को होगा।

गांधीनगर के वावोल इलाके में 100 अपार्टमेंट और 25 बंगले हैं। पीएम सूर्य घर योजना से यहां के 89 परिवार लाभान्वित हुए हैं। वहीं, यहां की शालिन-2 सोसायटी में कुल 65 बंगले हैं, जिनमें से 22 घरों में सोलर पैनल लगे हैं। प्रधानमंत्री सोसायटी में पहुंचे और यहां के घरों की छतों पर लगे सोलर पैनल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सोलर पैनल का लाभ ले रहे लोगों से बात भी की। दूरी तय करेगी।

# भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में




भारत छठी बार एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है। सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने साउथ कोरिया को 4-1 से हरा दिया। मुकाबला चीन में हुलुनबुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार छठी जीत है।

भारत के लिए सबसे ज्यादा 2 गोल कप्तान हरमनप्रीत ने किए। उनके अलावा उत्तम सिंह, जरमनप्रीत ने 1-1 गोल किया। साउथ कोरिया की तरफ से यंग जी हुन ने गोल किया। फील्ड गोल के लिए जरमनप्रीत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत फाइनल में मंगलवार को मेजबान चीन से खेलेगा। यह मुकाबला भारतीय टाइमिंग के हिसाब से दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा। चीन ने पाकिस्तान को पहले सेमीफाइनल के पेनल्टी शूट-आउट में 2-0 से हराया।

#### पहले क्वॉर्टर में भारत 1-0 से आगे

मैच के पहले ही मिनट से भारत ने कोरिया पर दबाव बनाया। भारत ने कोरिया की डी पर एक के बाद एक कई मौके बनाए। क्वॉर्टर के 13वें मिनट में उत्तम सिंह ने गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने आरईजीत सिंह हुंदल के असिस्ट पर फील्ड गोल किया।

इससे पहले, भारत ने चौथे और पांचवें मिनट में गोल के दो मौके गंवाए। यहां अभिषेक ने पहले रिवर्स स्टिक से गोल करने की कोशिश की, लेकिन कोरियन गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। इसके बाद उत्तम सिंह ने डी के अंदर डिफलेक्ट करके बॉल रहील को दी जिसे रहील गोल में कन्वर्ट करने में नाकाम रहे। कोरिया को इस क्वॉर्टर में 2 पेनल्टी कॉर्नर मिले। जिसे टीम भुना नहीं पाई।

#### भारत 4-1 से जीता

भारत ने चौथे क्वार्टर में भी अपना अटैक जारी रखा। भारत को इस क्वॉर्टर में 3 चांस मिले, जिसमें वो गोल नहीं कर पाया। मैच के 55वें मिनट में अभिषेक ने तेजी से गोल की तरफ शॉट खेला। यहां कोरियन गोलकीपर ने डाइव मारते हुए शानदार बचाव किया। इसके बाद 52वें मिनट में अमित रोहितदास को ग्रीन कार्ड मिला। 55वें मिनट में मनप्रीत के शॉट से भारत ने अपनी लीड बढ़ानी चाही, लेकिन कोरियन डिफेंस ने बचाव किया।

# खुशी है CJI ने बप्पा को अगली तारीख नहीं दी

- उद्धव का जस्टिस चंद्रचूड़ पर तंज



**नई दिल्ली.** CJI यानी भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के खिलाफ शिवसेना (UBT) के जुबानी हमले जारी है। अब पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि गणपति बप्पा को 'अगली तारीख' नहीं देने के लिए CJI का धन्यवाद करता हूं। दरअसल, हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीजेआई के आवास पर पहुंचे थे और उनके परिवार के साथ गणेश जी की पूजा में शामिल हुए थे। विपक्ष के कई नेताओं ने इसपर सवाल उठाए थे।

रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित रैली के दौरान उद्धव ठाकरे ने सीजेआई पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि पीएम सीजेआई के आवास पर पहुंचे थे और इसके चलते उन्हें देशभर से आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि, मैं सीजेआई का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने पीएम मोदी घर पर आ रहे हैं, इसके चलते गणपति बप्पा को अगली तारीख नहीं दी।'

उन्होंने कहा, 'हम शिवसेना के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक पार्टी के जरिए कोर्ट से न्याय मांग रहे हैं। हम जानना चाहते हैं कि इस देश में लोकतंत्र जिंदा रहेगा या नहीं।' उन्होंने कहा, 'हमें न्यायपालिका पर भरोसा है, लेकिन अगर न्याय समय पर नहीं मिले तो हमारे पास जाने के लिए बड़ी अदालत है... और हम जनता से न्याय चाहते हैं।' उन्होंने सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भी आरोपों को नकार दिया कि महाविकास अघाड़ी ने मराठवाड़ा वॉटर ग्रिड प्रोजेक्ट के लिए फंड देने से इनकार कर दिया था।

### भारत लौटाएगा 200 एकड़ जमीन

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (BGB) और भारत के सीमा सुरक्षा बल (BSF) की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। इसमें यह तय हुआ कि 200 एकड़ भूमि बांग्लादेश को लौटाई जाएगी, जो नदी के कटाव के कारण भारत में चली गई थी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों का हिसाब-किताब जनता के सामने रखते हुए कहा कि इस दौरान उनका खूब मजाक उड़ाया गया, अपमानित किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि वह अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार काम कर रहे थे और इस वजह से चुपचाप सब सहते रहे।

# सीतारमण के साथ विवाद के बाद अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट की अपील - मामला खत्म किया जाए

**नई दिल्ली.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कोयंबटूर में जीएसटी पर आयोजित कार्यक्रम में रेस्टोरेंट मालिक का कथित रूप से अपमान के मामले को खत्म करने की अपील की गई है। यह अपील संबंधित रेस्टोरेंट ने की है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन, विपक्षी अन्नाद्रमुक और सत्तारूढ़ द्रमुक के सहयोगी दलों सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने इस घटना की निंदा की है। घटना को लेकर विवाद उत्पन्न होने के बाद अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट ने शनिवार शाम एक बयान जारी कर स्थिति को स्पष्ट किया। इसमें कहा गया कि कंपनी के प्रबंध निदेशक डी श्रीनिवासन ने गुरुवार को रेस्तरां और बेकरियों में अलग-अलग उत्पादन के लिए अलग-अलग जीएसटी दरों का मुद्दा उठाया था।

बयान में कहा गया कि सीतारमण के साथ बातचीत का वीडियो अगले दिन वायरल होने के बाद श्रीनिवासन ने स्वेच्छा से निजी तौर पर वित्त मंत्री से मुलाकात की। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई गलतफहमी या तथ्यों की गलत व्याख्या न हो।

**आम सूचना**

मैं श्री माधव लिंबाजी बोडके सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 9, ग्राऊंड फ्लोर, विठ्ठल अपार्टमेंट, प्लॉट नं. 157, शीट नं. 92, सेक्शन 7-ए, बैरक नं. 90 के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 06एओ014578700) उक्त प्रॉपर्टी श्री दुंदा अनंता दाभणे व श्रीमती पुष्पा दुंदा दाभणे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.9.2024 सी.नं. 4282/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री माधव लिंबाजी बोडके

## संक्षेप...

### संदेह के कारण पत्नी की हत्या !

**विरार.** विरार ईस्ट में 38 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी पत्नी पर कई बार चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि महिला की हत्या उसके पति के संदेह के कारण की गई थी कि उसका विवाहेतर संबंध है।

आरोपी की पहचान गोपाल राठौड़ के रूप में हुई है, जो एक फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता है और विरार ईस्ट के मनवेल पाड़ा में एकवीरा सोसाइटी की बिल्डिंग नंबर 16 में रहता है। पड़ोसियों और परिवार के सदस्यों के अनुसार, राठौड़ शराबी था और हर दिन शराब पीता था। शुक्रवार की सुबह, विरार पुलिस को एकवीरा बिल्डिंग के निवासियों से कॉल आया, जिसमें राठौड़ और उनकी पत्नी के फ्लैट से शोर और चीख-पुकार की आवाजें सुनाई दे रही थीं। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को भारती का शव मिला, जिसके सीने और पेट पर चाकू के कई घाव थे। पुलिस को उसके शव के पास खून से सना चाकू मिला और उसका पति गायब था।

# नवंबर के दूसरे सप्ताह में होंगे विधानसभा चुनाव!



■ **मुख्यमंत्री ने दे दिया बड़ा संकेत**




**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, अब तक ECI यानी भारत निर्वाचन आयोग ने अब तक तारीखों का ऐलान नहीं किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संकेत दे दिए हैं कि चुनाव नवंबर में हो सकते हैं। राज्य में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की गठबंधन की सरकार है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है और सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। शिंदे ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा।

उन्होंने कहा कि महायुति सरकार विकास और कल्याणकारी उपायों पर ध्यान केंद्रित कर रही है और लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'नवंबर के दूसरे सप्ताह में चुनाव होने की संभावना है। दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा। महायुति सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे के लिए जीत की अधिक प्रत्याशा ही मानदंड होगा।'

उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। शिंदे ने कहा कि उन्हें महिलाओं के बीच सरकार के लिए समर्थन दिख रहा है और उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार आम लोगों की सरकार है। उन्होंने कहा, 'हमने विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन कायम किया है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 1.5 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, जिसके लिए उन्हें 6,000 रुपये से 10,000 रुपये तक का वजीफा मिलेगा। इस कार्यक्रम में 10 लाख युवाओं को शामिल करने का लक्ष्य है। शिंदे ने कहा कि सरकार की 'लाडकी बहिन योजना' के तहत अब तक 1.6 करोड़ महिलाओं को वित्तीय सहायता मिल चुकी है।

उन्होंने कहा, 'हमारी योजना 2.5 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने की है।' उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य मुंबई को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त बनाना और सभी के लिए सस्ता आवास सुनिश्चित करना है।



अमृतवेला ट्रस्ट के भाई गुरप्रीत सिंह रिंकु वीर द्वारा उल्हासनगर शहर के बाक्सर ग्रुप व विघ्नहर्ता गणेश मंडलों का दर्शन किया गया। जहां गणेश भक्त भी भारी संख्या में उपस्थित थे.

### सी-लिंक पर मर्सिडीज और BMW की रेस! हुआ बड़ा हादसा

**मुंबई.** मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर दो लक्जरी कारों के बीच कथित तौर पर रेस लगाने के चक्कर में भीषण हादसा हो गया। इस मामले में दोनों वाहनों के चालकों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सौभाग्य से किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर रविवार को कथित तौर पर रेस करते समय तेज़ रफ़्तार मर्सिडीज कार और बीएमडब्ल्यू कार एक कैब से टकरा गईं।

## मंत्री चव्हाण के हाथों गणेश दर्शन स्पर्धा पुरस्कार वितरित




■ **स्वाभिमान सेवा संस्था के अध्यक्ष संतोष शेट्टी की सराहना**

▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी शहर स्थित एकात्मतेचा राजा के नाम से मशहूर धामणकरनाका मित्र मंडल व स्वाभिमान सेवा संस्था की तरफ से आयोजित गणेशोत्सव पंडाल में राज्य के बांधकाम मंत्री रवींद्र चव्हाण पहुंच कर बप्पा का दर्शन किया.

संस्थाध्यक्ष संतोष शेट्टी के मार्गदर्शन में स्वाभिमान सेवा संस्था की तरफ से शहर में अन्य स्थानों पर विराजमान गणेशोत्सव मंडल को राष्ट्रीय एकात्मता,पर्यावरण पूरक सामाजिक संदेश से जागरूकता देने वाले गणपति मूर्तियों, पंडालों को पुरस्कृत किया जाता है. संतोष शेट्टी के कुशल नेतृत्व में लगातार 21 वर्ष से स्वाभिमान श्री गणेश दर्शन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है.

गणेश दर्शन स्पर्धा नकद पारितोषिक वितरण पुरस्कार मंत्री रवींद्र चव्हाण के हाथों संपन्न हुआ.उन्होंने संतोष शेट्टी द्वारा गणेश उत्सव के दौरान किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक कार्यों की तारीफ की. मंत्री चव्हाण ने ओमकार मित्र मंडल कोंबडपाडा, जयहिंद मित्र मंडल पद्मानगर, सार्वजनिक गणेशोत्सव गणपती मंदिर, प्रभू आली आदि मंडलों को नकद पुरस्कार देकर गौरव किया.

अनेक वर्षों से गणेश मूर्तियों को बिठाने वाले गणेश मंडलों का भी सत्कार किया गया. उक्त अवसर पर भाजपा अल्पसंख्याक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी रशीद, भाजपा शहराध्यक्ष एड हर्षल पाटील, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू चौघुले सहित भारी संख्या में संस्था पदाधिकारी उपस्थित थे.




नवी मुंबई, शिव छाया मित्र मंडल तुर्भे द्वारा स्थापित 'नवी मुंबई चा राजा' के पंडाल में उपस्थित रहकर पद्म भूषण गायक शंकर महादेवन और शिवसेना के उपनेता विजय नाहटा ने महाआरती की. इस अवसर पर शिव छाया मित्र मंडल के अध्यक्ष अंकुश वैती के साथ बड़ी संख्या में मंडल के पदाधिकारी एवं गणेश भक्त उपस्थित थे.

## कल्याण में तृतीयपंथी चोरों का गिरोह सक्रिय

■ **15 तोले सोने के 2 हार चोरी कर ले गए**

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली इलाके में तृतीयपंथी चोरों का एक गिरोह सक्रिय हो गया है। गणेशोत्सव के मौके पर घर में घुसकर गणेशजी के सामने डांस करने के साथ-साथ ये गैंग अपने हाथ भी साफ कर रहा है. इसके बाद मकान मालिक से वसूली भी कर रहा है। चोरी की ऐसी ही घटना कल्याण वाडेघर इलाके में सुरेंद्र पाटिल के घर में हुई है और यह सब सीसीटीवी में कैद हो गया है. इस गैंग ने पाटिल के घर से 15 तोले की दो सोने के हार चुरा लिए. इस संबंध में खडकपाड़ा थाने में पांच से छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.



कल्याण वाडेघर इलाके में बिजनेसमैन सुरेंद्र चंद्रकांत पाटिल रहते हैं। पाटिल के घर में गणपति स्थापित हैं. 8 सितंबर को पांच किन्नरों ने गणपति के अवसर पर पैसे मांगने के बहाने पाटिल के घर में दाखिल हुए। पाटिल की मां ने अपना और बहू का सोने का हार एक बैग में गणपति के पास रख दिया. जब वह घर का कूड़ा फेंकने के लिए बाहर गई तो चोरों का गिरोह घर में घुस आया और गणपति उत्सव का कारण बताकर पाटिल के घर से पैसे की मांग करने लगा. इसी दौरान घर के लोगों की नजरों से बचते हुए सोने के गहनों से भरा बैग चुरा लिया.

इसके बाद उसने पाटिल के घर जाकर 2 हजार रुपये भी मांगे. आख़िरकार वे सभी 200 रुपये लेकर चले गए। कुछ देर बाद परिवार को एहसास हुआ कि घर में चोरी हो गई है. उन्होंने तुरंत खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि 2 लाख 40 हजार रुपये के आभूषण चोरी हो गए हैं. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए उनकी तलाश कर रही है।

**डॉ.श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन द्वारा इस साल भी**

## 3 से 11 अक्टूबर तक भव्य गरबा रास का आयोजन


■ **सोमवार को संपन्न हुआ रासरंग के मंडप का भूमिपूजन**

**कल्याण.** सांस्कृतिक नगरी डोंबिवली में प्रति वर्ष की भांति नवरात्रि के अवसर पर डॉ.श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन और श्री नवदुर्गा युवा मंडल द्वारा भव्य गरबा रास का आयोजन किया जाएगा। हर साल की तरह इस साल भी भव्य और कलात्मक तरीके से यह महोत्सव 3 से 11 अक्टूबर के बीच मनाया जाएगा। सोमवार को अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में श्रीफल तोड़कर रासरंग 2024 के मंडप का भूमिपूजन किया गया।



रासरंग-2024 का यह छठा साल है। डोंबिवली पूर्व स्थित डीएनसी स्कूल के मैदान पर यादगार साबित होने वाला नवरात्रि उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष भी नैतिक नागदा का उल्लासपूर्ण संगीत रासरंग-2024 का मुख्य आकर्षण होगा। आंखों को चकाचौंध कर देने वाला भव्य मंच, नागरिकों के लिए गरबा का आनंद लेने के लिए विशाल स्थान और डांडिया किंग के नाम से हर जगह मशहूर नैतिक नागदा का संगीत जो लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देता है और इसके साथ ही युवाओं, वरिष्ठ, सिने अभिनेता, कलाकार, गणमान्य व्यक्ति, जो जोश के साथ नृत्य का आनंद लेते हैं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले लोग एवं नारीशक्ति का सम्मान जैसे प्रमुख आकर्षणों और कार्यक्रमों के साथ गरबा रास आयोजित किया जाएगा। इस मंडप पूजन में शिवसेना के जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, ठाणे के उपमहापौर रमाकांत मढ़वी, उपजिला प्रमुख राजेश कदम, कल्याण तालुका प्रमुख महेश पाटिल, डोंबिवली शहर प्रमुख राजेश मोरे, डोंबिवली शहर सचिव संतोष चव्हाण, ज्वैलर्स एसोसिएशन के सागरमल, नवदुर्गा युवा मित्र मंडल के सोमिल खिनसरिया, केतकी पोवार, वडार समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी पवार, पूर्व नगरसेविका सारिका चव्हाण, उज्ज्वला भोसले एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## कोपरी में सड़क पर लगा गतिरोधक बारिश में बहा



■ **नागरिक त्रस्त**

**ठाणे.** कोपरी परिसर में तेज गति से चलने वाले वाहनों को लगाम लगाने के लिए सड़कों पर मनपा की ओर से लगे जगह -जगह गतिरोधक बरसात में बह गया है।यह गतीरोधक ठेकेदार द्वारा निकृष्ट दर्जा का काम करने का नतीजा है कि डांबर व खड़ी गायब होना चर्चा का विषय है।

ठाणे पूर्व में पश्चिम की अपेक्षा वाहनों सड़कों पर कम चलते हैं इसलिए सड़क खाली होने के कारण वाहन चालक तेज रफ्तार से चलाते हैं। जिसके कारण कई बार हादसा हो गया है। स्थानीय रहिवासियों ने गतिरोधक लगाने की मांग प्रशासन से कर रहे हैं। कोपरी में शांतीनगर ठाणेकर वाड़ी की सड़क पर लगा गतिरोधक हो रही तेज बरसात में खराब हो गया है। उसी तरह चेंदनी कोलीवाड़ा मीठबंदर सड़क पर भी लगा गतिरोधक भी खराब होने से स्थानीय रहिवासियों को सड़क पार करना दुश्वार हो गया है। इस विषय पर स्थानीय लोगों ने मनपा अधिकारी से शिकायत करने के बाद आश्वासन दिया है कि खराब हुए गतिरोधक का काम जल्द से किया जायेगा।

### चाकू की नोक पर महिला के साथ गैंगरेप

**नालासोपारा.** नालासोपारा में चाकू की नोक पर 32 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

महिला के बयान के आधार पर तुलिंज पुलिस ने दो आरोपियों, जितेंद्र यादव और अवि जयसवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 70 (1) और 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दुष्कर्म की घटना पालघर जिले के नालासोपारा इलाके के संतोष भवन के नजदीक घटी है।

**CHANGE OF NAME**

I Declare My Old Name
**SANJANA KANAYA GUPTA**
to now My New Name is
**SANJANA KANHAIYA GUPTA**
So all the public now call me
**SANJANA KANHAIYA GUPTA.**
(Add: BK no.1406 room no.8 backside of morya apt. Maratha section 32, Ulhasnagar-421004. Dist Thane).

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

## अदिति राव हैदरी ने सिद्धार्थ से कर ली शादी



■ **400 साल पुराने श्रीरंगपुर मंदिर में सीक्रेट मैरिज की**

■ **सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीरें**

अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने शादी कर ली है। तेलंगाना के वानापर्थी में मौजूद 400 साल पुराने श्रीरंगपुर मंदिर में इन्होंने गुपचुप शादी रचाई, जिसमें फैमिली मेंबर्स ही शामिल हुए। दोनों ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके साथ ही इन्होंने एक-दूसरे के लिए प्यारा सा नोट भी लिखा है।

इन्होंने लिखा-तुम मेरे चांद-सूरज और सितारे हो, परी कथाओं की तरह हमेशा साथ बने रहना, हमेशा हंसते रहना.. कभी बड़े मत होना..हमेशा के लिए लव, लाइट और मैजिक बनाए रखना... मिसेज एंड मिस्टर अदू-सिद्धू।

■ **2021 में एक फिल्म में काम करने के बाद बढ़ीं नजदीकियां**

सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है।




Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा

लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)

25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now

Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099